<u>*प्रेस नोट जनपद मुरादाबाद*</u>

*श्री सतपाल अंतिल, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक, मुरादाबाद के निर्देशन में अपराध व अपराधियों पर अंकुश एवं प्रभावी नियन्त्रण बनाये रखने हेतु आज दिनांक **30-07-2025** को जनपद मुरादाबाद से निम्न कार्यवाही की गयीः-*

1- दहेज के लिये मारपीट कर प्रताडित करना, जिसमें महिला की उपचार के दौरान मृत्यु हो जाने के अभियोग में वांछित आरोपी को थाना ठाकुरद्वारा पुलिस द्वारा गिरफ्तार किया गया-

अवगत कराना है कि दिनांक 29.07.2025 को वादी चन्द्रपाल पुत्र मुन्ना लाल निवासी ग्राम खरगपुर जगतपुर, थाना मूढापाण्डें, जिला मुरादाबाद ने आरोपीगण द्वारा वादिनी की पुत्री को दहेज के लिये मारपीट कर प्रताडित करना, जिसमें वादी की पुत्री की इलाज के दौरान मृत्यु हो जाने के संबंध में थाना ठाकुरद्वारा पर तहरीर दी, तहरीर के आधार पर थाना ठाकुरद्वारा पर मु0अ0सं0- 316/2025 धारा- 85/115(2)/351(3)/ 80(2) बी0एन0एस0 व 3 /4 दहेज प्रतिषेध अधिनियम बनाम कमल आदि के पंजीकृत किया गया । विवेचनात्मक कार्यवाही के क्रम में आज दिनांक 30.07.2025 को थाना ठाकुरद्वारा पुलिस द्वारा अभियुक्त कमल पुत्र नरेश सिंह निवासी ग्राम करनावाला जब्ती थाना ठाकुरद्वारा जिला मुरादाबाद को गिरफ्तार किया गया। अन्य विधिक कार्यवाही प्रचलित है।

पंजीकृत अभियोगः-

मु0अ0सं0- 316/2025 धारा- 85/115(2)/351(3)/ 80(2) बी0एन0एस0 व 3 /4 दहेज प्रतिषेध अधिनियम

गिरफ्तार अभियुक्तः-

कमल पुत्र नरेश सिंह निवासी ग्राम करनावाला जब्ती थाना ठाकुरद्वारा जिला मुरादाबाद

गिरफ्तार करने वाली टीमः-

1- उ0नि0 विनीत कुमार थाना ठाकुरद्वारा जनपद मुरादाबाद

2- कां0 सुमित कुमार थाना ठाकुरद्वारा जनपद मुरादाबाद

3- कां0 अतुल कुमार थाना ठाकुरद्वारा जनपद मुरादाबाद

4- कां0 सन्नी कुमार थाना ठाकुरद्वारा जनपद मुरादाबाद।

2- नशीला पदार्थ देकर घर में घुसकर चोरी करने के आरोपी को थाना मुगलपुरा पुलिस द्वारा गिरफ्तार कर, कब्जे से चोरी से संबंधित 02 अंगुठी पीली धातु व 5000/-रु0 बरामद किये गये-

अवगत कराना है कि दिनांक 29.07.2025 को वादी साकिब उल्ला चौधरी पुत्र ताबारक उल्ला खां निवासी मुफ्ती टोला थाना मुगलपुरा जनपद मुरादाबाद ने आरोपी द्वारा वादी के पिता को नशीला पदार्थ देकर घर में अलमारी में रखे 10000/-रु0 व 02 अगुंठी, 01 चेन पीली धातु चोरी कर ले जाने के संबंध में थाना मुगलपुरा पर तहरीर दी, तहरीर के आधार पर थाना मुगलपुरा पर मु0अ0सं0- 150/2025 धारा- 305A/123 बीएनएस बनाम नसीम उर्फ नफीस के पंजीकृत किया गया । विवेचनात्मक कार्यवाही के क्रम में आज दिनांक 30.07.2025 को थाना मुगलपुरा पुलिस द्वारा अभियुक्त नसीम उर्फ नफीस पुत्र तौफीक अहमद निवासी ग्राम मानपुर साबित थाना डिलारी जिला मुरादाबाद को गिरफ्तार किया गया। अभियुक्त की निशादेही पर मुकदमा उपरोक्त चोरी से संबंधित 02 अगुठी पीली धातु व 5000/- रुपये बरामद किये गये । बरामदगी के आधार पर मुकदमा उपरोक्त में धारा- 317(2) बीएनएस की वृद्धि की गयी। अन्य विधिक कार्यवाही प्रचलित है।

पंजीकृत अभियोगः-

मु0अ0सं0- 150/2025 धारा- 305A/123/317(2) बीएनएस

गिरफ्तार अभियुक्तः-

नसीम उर्फ नफीस पुत्र तौफीक अहमद निवासी ग्राम मानपुर साबित थाना डिलारी जिला मुरादाबाद।

गिरफ्तार करने वाली टीमः-

1- उ0नि0 ओम शुक्ला

मय हमराही पुलिस फोर्स थाना मुगलपुरा जनपद मुरादाबाद।

3- थाना कटघर पुलिस द्वारा 01 वारण्टीं को गिरफ्तार कर मा0न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया गयाः-

अवगत कराना है कि वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक, मुरादाबाद के निर्देशानुसार अपराध एंव अपराधियों पर प्रभावी अंकुश लगाये जाने व वांछित/वारण्टी, अपराधों में संलिप्त अपराधियों की गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे अभियान के अन्तर्गत आज दिनांक 30.07.2025 को थाना कटघर पुलिस द्वारा वारण्टी अभियुक्त मौहम्मद अंजुम पुत्र अब्दुल कय्यूम निवासी मौहल्ला पीरजादा थाना कटघर जनपद मुरादाबाद संबंधित वारण्ट वाद सं0 82/2023 धारा 125(3) उ0प्र0सं0 थाना कटघर मुरादाबाद को गिरफ्तार कर मा0न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया गया।

4- थाना कोतवाली पुलिस द्वारा 01 वारण्टीं को गिरफ्तार कर मा0न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया गयाः-

अवगत कराना है कि वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक, मुरादाबाद के निर्देशानुसार अपराध एंव अपराधियों पर प्रभावी अंकुश लगाये जाने व वांछित/वारण्टी, अपराधों में संलिप्त अपराधियों की गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे अभियान के अन्तर्गत आज दिनांक 30.07.2025 को थाना कोतवाली पुलिस द्वारा वारण्टी अभियुक्त कमर आलम पुत्र इकबाल हुसैन निवासी बाडाशाह सफा थाना कोतवाली मुरादाबाद सम्बन्धित वारण्ट मु0नं0 1760/14 अ0सं0 504/05 धारा 379/411 भादवि को गिरफ्तार कर मा0न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया गया।

5- जनपदीय पुलिस द्वारा शांति व्यवस्था भंग करने में 11 व्यक्तियों को हिरासत में लेकर माननीय न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया गया।

अवगत कराना है कि वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक, मुरादाबाद के निर्देशानुसार अपराध नियंत्रण, कानून एवं शान्ति व्यवस्था को सुदृढ़ बनाये रखने हेतु चलाये जा रहे अभियान के अन्तर्गत जनपदीय पुलिस द्वारा 11 व्यक्तियों को संज्ञेय अपराध कारित करने से रोकने एवं परिशान्ति कायम रखने हेतु अन्तर्गत धारा-170/126/135 भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता-2023 में हिरासत में लेकर माननीय न्यायालय भेजा गया।

थाना कटघर - 02, थाना कोतवाली - 01, थाना छजलैट - 02, थाना बिलारी – 01, थाना भगतपुर – 05, ।